मांग संख्या 34
मुख्य शीर्ष 2235

मद क्रमांक 1

05 नवगठित जिलों क्रमशः सारंगढ़-बिलाईगढ़, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सक्ती में जिला कार्यालय उप संचालक के स्थापना हेतु प्रति कार्यालय 04 पदों के मान से कुल 20 पदों के सृजन हेतु राशि ₹ 60.00 लाख का व्यय संभावित है।

क.	पदनाम	वेतन मैट्रिक्स लेवल	पद संख्या
1	उप संचालक	लेवल-13	05
2	सहायक ग्रेड-3	लेवल-4	05
3	भृत्य	लेवल-1	05
4	स्वीपर	(अंशकालीन कलेक्टर दर)	05
योग			**20**

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 60,00,000 का नवीन मद के रूप में प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 2

सियान हेल्पलाईन टोल फ्री नम्बर एवं हेल्प लाईन सेंटर की स्थापना किये जाने हेतु राशि ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 1,00,00,000 का नवीन मद के रूप में प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 3

जिला कोण्डागांव में नशामुक्ति केन्द्र आरंभ किये जाने हेतु 25.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 25,00,000 का नवीन मद के रूप में प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 4

छत्तीसगढ़ राज्य में केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के गठन किया गया है। बोर्ड की गतिविधियों एवं कार्यो का सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु निम्नानुसार पदों के सृजन एवं कार्यालय व्यय हेतु राशि ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है।

क.	पदनाम	वेतन मैट्रिक्स लेवल	पद संख्या
1	सचिव	लेवल-13	01
2	सहायक अनुसंधान अधिकारी	लेवल-12	01
3	शीघ्रलेखक	लेवल-7	01
4	सहायक ग्रेड-2	लेवल-6	01
5	सहायक ग्रेड-3	लेवल-4	01
6	भृत्य	लेवल-1	01
योग			06

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 1,00,00,000 का नवीन मद के रूप में प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 5

नवा पिल्हर योजना अंतर्गत उभयलिंगी व्यक्तियों के शिक्षण-प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार हेतु व्यवसायिक परीक्षा के तैयारी हेतु प्रोत्साहन के लिए राशि ₹ 25.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 25,00,000 का नवीन मद के रूप में प्रावधान किया गया है।